*No. of Printed Pages : 4*

**MUJ-05**

**2012**

**विधि-III**

**(राजस्व और दण्ड विधान)**

# LAW-III

**(Revenue and Criminal)**

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

***Time allowed : Three Hours]*** ***[Maximum Marks : 200***

*नोट :* *अभ्यर्थी कुल छः (6) प्रश्नों का उत्तर दें, जिनमें **खण्ड 'अ'** से प्रश्न संख्या 1 तथा अन्य कोई **दो** प्रश्न तथा **खण्ड 'ब'** से प्रश्न संख्या 6 तथा अन्य कोई **दो** प्रश्न हों । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं । एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यतः एक साथ दिया जाय ।*

***Notes :*** *Candidates should answer **six** questions in all, out of which they should answer Question No. **1** and any other **two** questions from **Group 'A'**, and Question No. **6** and any other **two** questions from **Group 'B'**. Marks carried by each Question are indicated at its end. The parts of same question must be answered together.*

**खण्ड – अ**

## GROUP – A

1. (अ) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन तथा भूमि सुधार अधिनियम, 1950 कौन से मुख्य उद्देश्यों की पूर्ति के लिए बनाया गया था और उद्देश्यों की पूर्ति कहाँ तक हुई है ? **20**

(ब) ग्रांम सभा की भूमि के बटवारे में प्राथमिकता का क्रम क्या है ? **10**

(स) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : **10**

(i) भू-सम्पदा

(ii) खतौनी

(iii) भू-राजस्व का अवशेष

(a) What were the main objectives of Uttar Pradesh Zamindari Abolition and Land Reforms Act, 1950 and to what extent have they been achieved ?

(b) What is the order of priority in allotment of Gram Sabha Lands ?

(c) Write short notes on any **two** of the following :

(i) Estate

(ii) Khatauni

(iii) Arrears of Land Revenue

2. (अ) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन तथा भूमि सुधार अधिनियम, 1950 के अन्तर्गत भूधृति धारक व्यवस्था की कौन-कौन सी श्रेणियाँ हैं ? किन परिस्थितियों में सीरदार भूमिधर बन जाता है ? **20**

(ब) मुआवजा और पुनर्वास अनुदान में अंतर कीजिए । **10**

(a) What are the classes of tenure holders under the U.P. Zamindari Abolition and Land Reforms Act, 1950 ? Under what circumstances could a Sirdar become a Bhumidhar ?

(b) Distinguish between Compensation and Rehabilitation Grant.

3. (अ) ग्राम सभा के कार्यों का वर्णन कीजिये । उन भूमियों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए जो कि ग्राम सभा में निहित हैं । **20**

(ब) राजस्व न्यायालय से आप क्या समझते हो ? **10**

(a) Explain the functions of Gram Sabha. Describe in detail the properties which vest in a Gram Sabha.

(b) What do you mean by Revenue Court ?

4. (अ) जब कोई पुरुष भूमिधर मर जाता है तो उ.प्र. जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम के अन्तर्गत उसके उत्तराधिकार के क्रम का वर्णन कीजिए । **20**

(ब) परित्याग और समर्पण में क्या अंतर है ? **10**

(a) Describe the Order of Succession provided in law applicable under U.P.Z.A. and Land Reforms Act when a Bhumidhar male dies.

(b) What is the difference between Abandonment and Surrender ?

5. (अ) हक के बिना भूमि के अधिभोगियों की बेदखली के तरीके और बेदखली में विफल रहने के परिणामों की चर्चा कीजिए । **20**

(ब) मालगुजारी और लगान में क्या अन्तर है ? स्पष्ट कीजिए । **10**

(a) Discuss the procedure and consequences in failure for the ejectment of persons occupying land without title.

(b) What is the difference between revenue and rent ? Elucidate.

## खण्ड – ब

## GROUP – B

6. (अ) अल्पवयस्कों को आपराधिक दायित्वों से दी गई छूट के सम्बन्ध में किये गये उपबन्धों का वर्णन कीजिये । **15**

(ब) अपराध भावना क्या है ? इसके आवश्यक तत्व क्या हैं ? समझाइये । **15**

(स) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** को समझाइये : **10**

(i) लोक सेवक

(ii) मूल्यवान प्रतिभूति

(iii) सद्‌भाव

(a) Discuss the law relating to minor's exemption from criminal liability.

(b) What is mens rea ? What are its essential elements ? Explain.

(c) Explain any **two** of the following :

(i) Public Servant

(ii) Valuable Security

(iii) Good Faith

7. (अ) सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले अपराधों का वर्णन कीजिए । उनके लिए क्या दण्ड निर्धारित किया गया है ? **10**

(ब) राजद्रोह अपराध क्या हैं ? अपवाद सहित समझाइए । **10**

(स) संचयी दण्ड से आप क्या समझते हैं ? **10**

(a) State the offences affecting Public Health. What punishment has been prescribed for such offences ?

(b) What are the offences against the State ? Explain with exception.

(c) What do you understand by Cumulative Punishment ?

8. (अ) हत्या क्या है ? कब सदोष मानव वध हत्या नहीं होती ? **20**

(ब) किन्हीं **दो** को समझाइए : **10**

(i) बलवा

(ii) दंगा

(iii) व्यपहरण

(a) What is murder ? When does culpable homicide not amount to murder ?

(b) Explain any **two** of the following :

(i) Riot

(ii) Affray

(iii) Kidnapping

9. (अ) आपराधिक न्यास भंग किसे कहते हैं ? ऐसे अपराध में किन-किन बातों को सिद्ध किया जाना आवश्यक है ? आपराधिक न्यास भंग और आपराधिक दुर्विनियोग में अन्तर स्पष्ट कीजिए । अपना उत्तर उदाहरण सहित दीजिए । **20**

(ब) 'क' अपने मकान की छत पर सीढ़ी की सहायता से चढ़ जाता है । 'ब' साशय सीढ़ी को वहाँ से हटा देता है । 'ब' ने क्या अपराध कारित किया है ? **10**

(a) What is Criminal Breach of Trust ? What facts are to be proved for such offence ? Point out the difference between 'Criminal Breach of Trust' and 'Criminal Misappropriation'. Support your answer with examples.

(b) A climbed upon the roof of his house with the help of a ladder. B intentionally pulls the ladder. What offence has been committed by B ?

10. (अ) आपराधिक अभित्रास क्या है ? 10

(ब) अपमान मानहानि से किस प्रकार भिन्न है ? 10

(स) 'क' एक हिन्दू 'ख' एक हिन्दू महिला से विवाहित है । 'क' अपना धर्म परिवर्तन करके मुस्लिम होकर 'ग', मुस्लिम महिला से पुनर्विवाह कर लेता है । क्या 'क' ने कोई अपराध किया है ? समझाइए । 10

(a) What is Criminal Intimidation ?

(b) How Insult is distinguished from Defamation ?

(c) 'A', a Hindu is married to 'B', a Hindu woman. 'A' by embracing Islam, remarries with 'C', a muslim woman. Has 'A' committed any offence ? Explain.

---